तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025

20 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्राधिकृत अधिकारियों...



20 श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मानस ...





## खबर संक्षेप

### शिविर में किया 43 यूनिट ब्लड डोनेट



**कांकेर।** अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के द्वारा 24 जनवरी को 50 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस शिंदे के 75वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में 75000 यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा गया। पूरे भारतवर्ष के कोने कोने में दवा विक्रेता संघ के द्वारा रक्तदान शिविर का महा आयोजन किया गया। इसी क्रम में कांकेर जिले में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कांकेर जिले के जिला अस्पताल कोमल देव अस्पताल के ब्लड बैंक में जिला औषधि विक्रेता संघ के द्वारा 43 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी 32 वर्षीय संजीव मंडल का ईलाज के दौरान 24 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें मौत हो गया। सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक का अज्ञात कारणो से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जेठेगांव में गोल मेले का आयोजन 3 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम जेठगांव का दो दिवसीय गोल मेला का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। ग्राम गायता टामेश्वर कौवडो, ग्राम पटेल शंभूराम कौवडो, रोयदास मरकाम, रायेन मरकाम, लच्छूराम दुग्गा, योगेश ध्रुव व सुंदरलाल सलाम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के सर्वसम्मति से बैठक आयोजित कर गोला मेला का आयोजन शेष पेज 19 पर

# अध्यक्ष के लिए भाजपा से दो, कांग्रेस से एक और आप से 1 अभ्यर्थी ले चुके हैं नामांकन फार्म

## बी फार्म नहीं मिलने पर बगावत या सरेंडर करेंगे यह तो वक्त की बताएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष के लिए अभी तक चार अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा है, जिसमें कांग्रेस से 01, आप से 01 और भाजपा के नाम से 2 अभ्यर्थियों ने आवेदन फार्म लिया है। भाजपा से दो आवेदन लेने वाले अभ्यर्थी भाजपा के दावेदार की रेस में नहीं थे, उसके बाद भी भाजपा के नाम से आवेदन लिया है। बी फार्म नहीं मिलने पर बगावत करके चुनाव लड़ेंगे या सरेंडर कर देंगे, आने वाला वक्त की बताएगा। जानकारी के अनुसार कांग्रेस से जितेंद्र सिंह ठाकुर और आप से मोहन सेनापति ने 24 जनवरी को नामांकन फार्म खरीदा था, वहीं 25 जनवरी को भाजपा के नाम से नवीश चतुर्वदी और संजयपुरी गोस्वामी ने नामांकर फार्म खरीदा है। अधिवक्ता नवीश ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि बेटे की शादी होने के कारण आवेदन नहीं कर पाया था। भाजपा के नाम से दो अभ्यर्थी जो दावेदारी नहीं किया, उनके द्वारा नामांकन फार्म लेने से हडकंप मच गया है। इनके द्वारा अभी अपना कोई स्टैंड नहीं बताया है। यह तो आने वाला वक्त बताएगा कि इन अभ्यर्थियों को बी फार्म नहीं मिलने पर फार्म रिजेक्ट हो जाएगा या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेगे। यह जनचर्चा का विषय बन गया है। अधिवक्ता नवीश अपने अधिवक्ता साथियों के साथ नामांकन फार्म लेने गए थे, उनके साथ भाजपा संगठन से एक भी पदाधिकारी नजर नहीं आया। उन्होने कहा कि नामांकन फार्म ले लिया हूँ और आगे की रणनीति का खुलासा अभी नहीं किया है।



### एक से दो दिन में तस्वीर होगी स्पष्ट

*नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी है। एक से दो दिन में यह स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि अध्यक्ष पद के लिए कांकेर में कितने अभ्यर्थी मैदान में उतरेंगे। भाजपा, कांग्रेस और आप से चुनाव लड़ना तय है, निर्दलीय प्रत्याशी कितने आते है, इसकी तस्वीर एक से दो दिन में स्पष्ट हो जाएगी।*

## सियासत : कांग्रेस की नहीं हो पाई बैठक, आज जारी होगी सूची

# भाजपा-कांग्रेस की सूची नहीं हो पाई जारी, समीकरण बदलने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा की सूची लगभग तय हो चुकी है और दोपहर बाद से दूसरे जिलों की सूची

- भाजपा एक-एक जिले की सूची सायं 4 बजे से जारी करना किया शुरू, देर शाम तक कांकेर जिले की नहीं जारी हुई सूची

जारी करना प्रारंभ कर दिया था, परंतु कांकेर की सूची देर शाम लगभग साढ़े 7 बजे तक जारी नहीं कर पाएं, भाजपा सूत्रों की मानें तो देर रात को सूची जारी हो जाएगी। कांग्रेस की कांकेर में हुई बैठक के बाद स्पष्ट किया था कि 25 जनवरी तक जिले के सभी नगरीय निकाय के अध्यक्ष एवं पार्षदों की सूची जारी कर दी जाएगी, परंतु रायपुर में बैठक नहीं हो पाने के कारण 25 को जारी होने वाली सूची पर विराम लग गया, संभवतः सूची आज 26 जनवरी को जारी हो सकती है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस के राजीव भवन में विगत दिनों हुई बैठक में यह स्पष्ट किया गया था कि 25 जनवरी तक सूची जारी हो जाएगी, तीन से चार जगहों पर असमजंस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो रायपुर में जिस बैठक में निर्णय लिया जाना था, उसकी बैठक 25 जनवरी को नहीं हो पाने के कारण सूची की घोषणा नहीं हो पाई। उनका मानना है कि सूची जिले के एक नगरपालिका एवं चारों नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदों की घोषणा अब 26 जनवरी को ही हो पाएगी। इसके बाद प्रत्याशियों के पास केवल दो दिन का ही समय मिल पाएगा। दो दिन में किसी के दस्तावेज में खामी रह जाने पर नामांकन भरने से भी वंचित हो सकते है। कांकेर नगरपालिका के चार वार्ड के पार्षदों को छोड़कर अन्य 17 वार्डो से चुनाव लड़ने वालों को संकेत मिल जाने के चलते नामांकन फार्म खरीद लिया है और नामांकन फार्म भरने की तैयारी में जुट गए है।




### कांग्रेस के 17 वार्डों की तस्वीर आई सामने

नगर पालिका कांकेर के 21 वार्डों में से 17 वार्ड अलबेलापारा से लता मंडावी पति गन्नूराम मंडावी, माहुरबंदपारा वार्ड से दीपक शोरी, संजय नगर से यासीन कराणी, आमापारा से लखित यादव, शीतलापारा से फरीदा खान, श्रीरामनगर वार्ड से अजय रेणु, भंडारीपारा वार्ड से सुशीला यादव, महादेव वार्ड से मतीन खान, मांझापारा वार्ड से सोमेश चंद्र सोनी, सुभाष वार्ड से नरेश बिछिया, अन्नपूर्णापारा से विजय यादव, शांतिनगर से ओमप्रकाश देवांगन, कंकालिन पारा से माला मुकेश तिवारी, बरदेभाटा से जितेंद्र वैद्य, अघन नगर से रामस्वरूप यादव, जनकपुर वार्ड से विनाका सूर्यवंशी पति राजेंद्र कुमार, राजापारा वार्ड से आनंद चौरसिया के नाम तय है। केवल चार वार्ड उदय नगर वार्ड से , शिव नगर वार्ड से, जवाहर वार्ड से, एमजी वार्ड से के नाम का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है।

### भाजपा में बनी असमंजस की स्थिति

भाजपा में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भाजपा भी सूची 25 जनवरी को जारी करने वाली थी, परंतु सायं साढ़े 7 बजे तक सूची जारी नहीं हो सकी। कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष को लेकर बवाल मचा हुआ है, इसलिए अभी तक पूरी सूची अटक गई है, वहीं भाजपा सूत्रों का कहना है कि संभागवार सूची जारी की जा रही है और देर रात तक जारी हो जाएगी।

# दो बालिकाओं का अपहरण, आरोपी चंद घण्टों में पुलिस के हत्थे चढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर के अंतर्गत रात के नाचा कार्यक्रम को देखकर वापिस आने के दौरान दो नाबालिक को

- पुलिस के सतर्कता से आरोपी फरार होने से पहले हुआ गिरफ्तार

आरोपी अपने मोटर सायकल में बिठाकर घर छोड़ने के बजाए दूसरी जगह ले गया और उनके अश्लील बातें करने लगा। शिकायत होते ही पुलिस ने आरोपी को भागने के पहले चंद घंटो में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है 23 जनवरी को प्रार्थी देवेन्द्र उईके पिता सुरेश उईके उम्र 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक पुत्री व पुत्री की सहेली 23 जनवरी की रात 3 बजे गांव से नाचा कार्यक्रम देखकर घर वापिस आ रहे थे, कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनशे सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर से टीम गठित कर प्रार्थी एवं गवाहों का कथन दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरा 25 जनवरी को टीम ने नाबालिक को गवाहों के समक्ष दस्तयाब किया। उनके द्वारा दिए गए बयान के आधार पर आरोपी बनवारी सिन्हा पिता गुलेश्वर सिन्हा को पुलिस ने फरार होने के पहले दबोच लिया और प्रकरण में धारा 137(2), 75(2), 8 पाक्सो एक्ट का घटित होना पाए जाने से भागने के पहले आरोपी बनवारी सिन्हा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड शेष पेज 19 पर

# पंचायत चुनाव: नाम निर्देशन फार्म के लिए क्लस्टर स्तर पर लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- प्रशिक्षण मतदान दलों का तीन चरणों में होगी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) दुर्गुकोंदल एवं तहसीलदार केतन भोयर ने बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए विकासखंड दुर्गुकोंदल में जनपद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच, के नाम निर्देशन पत्र के लिए 44 ग्राम पंचायत के लिए कलक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर रखा गया है। ग्राम पंचायत भवन दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत भवन हाटकोंदल, ग्राम पंचायत भवन कोड़े, ग्राम पंचायत भवन दमकसा, ग्राम पंचायत भवन कोड़ेकुर्सी, ग्राम पंचायत कोदापाखा एवं जनपद सदस्य के लिए तहसील कार्यालय दुर्गूकोदल का निर्धारित की गई है, जिसमें नाम निर्देशन के लिए अलग-अलग अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 44 ग्राम पंचायत में 11 जनपद सदस्य, 44 सरपंच, 570 वार्ड पंच एवं दो जिला सदस्य का निर्वाचन होना है, जिसके लिए कुल मतदाता 47387 जिसमें महिला 23274 पुरुष 24113 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नाम निर्देशन 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक 4 फरवरी को स्कूटी जांच की जाएगी और 6 फरवरी को नाम वापसी चुनाव चिन्ह आवंटित की जाएगी। पंचायत चुनाव के लिए प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में 88 मतदान केंद्र का गठन किया गया शेष पेज 19 पर



# सड़क सुरक्षा माह पर कांकेर वॉलंटियर्स ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कांकेर वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने और आम जनता को जागरूक करने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों और उनके कारणों पर गहन चर्चा की गई। वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए नए कदम उठाने का निर्णय लिया, जिससे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सके। आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों जैसे तेज गति, हेलमेट का उपयोग न करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही वॉलंटियर्स ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वॉलंटियर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए नए कदम उठाए। इसमें सड़क सुरक्षा शेष पेज 19 पर

# कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर ओबीसी महासंगठन का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारत रत्न जननायक स्वतंत्रता सेनानी स्व. कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती सामाजिक बंधुओ ने धनेलीकन्हार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने कर्पूरी ठाकुर की छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर चंदन तिलक करते हुए उनके योगदान को सभी ने आत्मसात किया। कर्पूरी ठाकुर जयंती के अवसर पर कांकेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक नाई बंधुओ ने कर्पूरी ठाकुर ओबीसी महासंगठन का गठन किया। महासंगठन के लिए लोकेश्वर सेन अध्यक्ष और ओमप्रकाश सेन महासचिव चुने गए। कर्पूरी ठाकुर ओबीसी महासंगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लोकेश्वर सेन ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन काल को बताते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गाँव, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है। छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ ओबीसी महासंगठन के अध्यक्ष पवन सेन ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति लोगों को प्रभावित करता था। नवनिर्वाचित संगठन के महासचिव ओम प्रकाश सेन ने कहा कि वे कुशल राजनीतिज्ञ थे। उन्हे 1970 तथा 1977 में दो बार बिहार का मुख्यमंत्री और एक बार उप मुख्यमंत्री शेष पेज 19 पर

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस में जिला एवं सत्र न्यायाधीय ने कहा

# सारे काम छोड़कर करना है मतदान, तब होगा लोकतंत्र की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तर पर 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को दोपहर 02 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा मतदाताओं के नाम संदेश का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग का गठन 25 जनवरी 1950 में हुआ था। भारत देश में प्रत्येक पांच वर्ष में केन्द्र एवं राज्य सरकार, नगरीय निकाय का निष्पादन स्वस्थ लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि मतदाता अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं तो देश का चौतरफा विकास होगा। प्रधान जिला न्यायाधीश ने एक-एक वोट के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा 'सब कामों को छोड़कर, करना है मतदान, रखना है हम सबको लोकतंत्र का मान'।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला मुख्यालय के अलावा जिले के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय तथा जिले के सभी 734 मतदान केन्द्रों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह आयोजन वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष 25 जनवरी के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आयोग द्वारा 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 हेतु वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" थीम निर्धारित किया गया है। जिले के युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत समय-समय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हतातिथि 01 जनवरी 2025 के तहत 29 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था तथा 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यों के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 01-01 बूथ लेवल अधिकारी किशोर कोसमा, सतीश कुमार मंडावी और गीतिका नाग को नगद पुरूस्कार राशि रूपए 5-5 हजार रूपए तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालयीन स्तर पर नव प्रवेशित एवं पुराने छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा महाविद्यालय स्तर पर युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने में हिस्सेदारी के लिए भानुप्रतापदेव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के प्रोफेसर एवं नोडल ऑफिसर सुधीर सोवानी को 07 हजार रूपए के नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा नवविवाहित मतदाता योगेश्वरी यादव तथा नव पंजीकृत मतदाताओं का बैज लगाकर स्वागत एवं इपिक कार्ड वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, शेष पेज 19 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं
स्वास्थ्य अधिकारी जिला कांकेर


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मों में करें...
विनीत : जिला शिक्षा विभाग कांकेर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी जो, ज्वाला वो याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी, पहुंची थी किनारे पर,
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।
विनीत- एक शुभचिंतक


26 जनवरी
26TH January
Republic Day
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
इतनी सी बात हवाओ को बताये रखना
रौशनी होगी चिरागो को जलाए रखना
लहू देकर की है जिसकी हिफाजत, हमने ऐसे तिरंगे को हमेशा
अपने दिल में बसाए रखना
PRADHAN MANTRI
GRAM SADAK YOJANA
विनीत
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
कांकेर के समस्त ठेकेदार


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
हर एक दिल में हिंदुस्तान है
राष्ट्र के लिए मान-सम्मान
भारत मां के बेटे हैं हम
इस मिट्टी पर हम सब को अभिमान है।
विनीत : अध्यक्ष माईक्रो वाटर शेड समिति कोकपुर


26
JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत :
वन विभाग, कांकेर वृत्त


26
JANUARY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत: लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
कांकेर के समस्त ठेकेदार


प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यह राष्ट्रीय पर्व हम सभी को अपने महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के
पुनीत संघर्षों को स्मरण करने एवं संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति
प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करता है।
जय हिंद!
विनीत- जल संसाधन विभाग के
समस्त ठेकेदार कांकेर









प्रस्तुति एवं संकलन- लोकेश कुमार हरिभूमि संवाददाता चारामा, मो.: 97706-55153, 74151-10312







संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148



26TH JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
HAPPY REPUBLIC DAY
26TH JANUARY
भारत के गणतंत्र का, सारे जग में है मान
दशकों से खिल रही है, उसकी अद्भुत शान
सब धर्मों को देकर मान रचा गया इतिहास का,
इसलिए हर देशवासी को इसमें है विश्वास!
:: विनीत ::
जनपद पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत नरहरपुर, जनपद पंचायत चारामा,
जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, जनपद पंचायत अंतागढ़,
जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा





समस्त प्रदेशवासियों को २६ जनवरी
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
कुछ तो खास है इस मिट्टी में,
एक अलग ही एहसास है इस मिट्टी में,
यूं ही हंसते हुए मौत के मुंह में नहीं जाते,
देशभक्ति की प्यास है इस मिट्टी में।
जय हिन्द
विनीत- एक शुभचिंतक




प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यह राष्ट्रीय पर्व हम सभी को अपने महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के
पुनीत संघर्षों को स्मरण करने एवं संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति
प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करता है।
जय हिंद!
विनीत : पुलिस परिवार, कांकेर


26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
नरहरपुर, जिला कांकेर


26
JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
अंतागढ़, जिला कांकेर


26
JANUARY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
चारामा, जिला कांकेर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी जो, ज्वाला वो याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी, पहुंची थी किनारे पर,
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
धनेलीकन्हार, जिला कांकेर

## खबर संक्षेप

### मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे विधायक चैतराम

**बीजापुर।** जिले में गणतंत्र दिवस की गरिमामय आयोजन हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 26 जनवरी को मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी द्वारा ध्वज फरहराया जाएगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुऐ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### डॉ. दिनेश को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित



**दंतेवाड़ा।** मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार लहरी को शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में प्रोफेसर नोडल ऑफिसर के रूप में दंतेवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र और 7000 का चेक देकर सम्मानित किया।

### आशीष विश्वास को सीपीआई से मिला टिकट



**बचेली।** आशीष विश्वास लम्बे समय से अपने वार्ड के सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे और लोक सेवा को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनाते हुए लोकहित को साधने के उद्देश्य से न्यायपूर्ण, प्रभावशाली, निष्पक्ष और विनम्रता के साथ जनता का सेवा करने इस बार राजनीति में उतरे हैं। उन्हे सीपीआई से टिकट मिला है। उन्होंने बताया की पार्षद बनने पर उनकी प्राथमिकता वार्ड और उसमें रहने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करना हैं।

### मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूक मतदाता के रूप में सजगता एवं निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अवकाश की वजह से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। कलेक्टर ध्रुव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे सभी जिला अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। सभी ने यह शपथ ली कि लोकतंत्र में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये सभी निर्वाचनों में हम अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### बालिका दिवस पर ग्राम कुपेर और गुमड़ा में आयोजन

दंतेवाड़ा। बालिका दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम कुपेर और गुमड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में ग्राम के बच्चों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और युवोदय के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देना था। उक्त कार्यक्रम में बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। साथ ही एक पेड़ बालिका के नाम पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान बनाने के प्रति प्रेरित किया गया।

## निधन

### शांति तिवारी

**जगदलपुर।** हिकमीपारा निवासी शांति तिवारी का आज स्वर्गवास हो गया। वह 76 वर्ष की थीं, वे स्व. उदय प्रकाश तिवारी की धर्मपत्नि थीं। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

## लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने सक्रिय सहभागिता निभायें

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए युवा मतदाताओं को मिला ईपिक कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत के संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को पृथक-पृथक अधिकार प्रदत्त है और देश के संविधान में मतदाता को प्रदत्त जो मताधिकार प्राप्त है वह लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में महत्वपूर्ण है।

■ न्यायाधीश ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नये युवा मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ




मतदाता के पास मताधिकार के रूप में बड़ी ताकत है, जो विधायिका के निर्वाचन में अहम भूमिका निभाता है और प्रजातांत्रिक प्रणाली में वह सजग होकर जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन को पूरा करता है। वर्तमान दौर में इस महत्ती प्रक्रिया में युवा मतदाताओं की अहम भूमिका है, अतः अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ मताधिकार का प्रयोग करें। जिससे लोकतंत्र को और मजबूती प्रदान किया जा सकें। आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता उक्त आशय के साथ विचार प्रकट किए। उन्होंने युवा मतदाताओं को शुभकामनाएं देते कहा कि आज युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने सहित उन्हे ईपिक कार्ड मिल रहा है। इन युवा मतदाताओं के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी है। वे हरेक निर्वाचन में सजगता के साथ मताधिकार कर देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय सहभागिता निभायें। अतिशीघ्र नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन सम्पन्न होने वाले हैं, अतः युवा मतदाता उसमें जनप्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए मतदाता दिवस पर लिये गये शपथ को सार्थक साबित करें। विगत लोकसभा निर्वाचन में इस क्षेत्र में लगभग 10 प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत बढ़ा जिसका पूरा श्रेय युवाओं को है। इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत का बढ़ना बहुत मायने रखता है।

इसके साथ ही जिले एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नये मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चौपड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, नये युवा मतदाता मौजूद थे।

## राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित हुए दन्तेवाड़ा पुलिस के अधिकारी

### छग की पहली महिला उप पुलिस अधीक्षक अंजु को मिला अदम्य साहस का राष्ट्रपति वीरता पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला के पुलिस विभाग में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम, उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच, शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा, प्रधान आरक्षक हेमला नंदू, प्रधान आरक्षक प्यारस मिंज, प्रधान आरक्षक कमलेश मरकाम, आरक्षक मनोज पुनेम को गणतंत्र दिवस 76वीं वर्षगांठ दन्तेवाड़ा पुलिस के लिये बहुत ही गौरव पूर्ण रहा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला दन्तेवाड़ा में पदस्थ 9 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जायेगा।



■ छग को प्राप्त 11 राष्ट्रपति वीरता पदक में से 9 पदक जिला दंतेवाड़ा को

18 दिसम्बर 2021 को जिला दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर के ग्राम पोटाली एवं जिला सुकमा के ग्राम गोंडेरास के जगल पहाड़ी में दरभा डिवीजन के 50-60 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान पर उप पुलिस अधीक्षक अंजु कुमारी के नेतृत्व में पोटाली मिच्चीपारा के बीच पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता के साथ जवाबी कार्यवाही करने पर 2 सशस्त्र माओवादियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त किये।

15 जुलाई 2021 को जिला दंतेवाड़ा के थाना फरसपाल क्षेत्रांतर्गत ग्राम पेद्दापाल ढ़ोलकल क्षेत्र में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 8-10 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर निरीक्षक संजय पोटाम के नेतृत्व में ग्राम पेद्दापाल ढ़ोलकल पहाड़ी जंगल में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता के साथ जवाबी कार्यवाही करने पर 3 सशस्त्र माओवादियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त किये। 14 मार्च 2022 को दंतेवाड़ा के थाना कटेकल्याण एवं सुकमा के सरहदी थाना कुकानार क्षेत्र के ग्राम मुथेली के जंगल में कांगेर कमेटी के 40-50 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच के नेतृत्व में ग्राम गोरली और मुथेली के बीच पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता के साथ जवाबी कार्यवाही करने पर 2 सशस्त्र माओवादियों को मार गिराया था।

उक्त तीनो घटनाओं में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी द्वारा अदम्य साहस एवं वीरता के फलस्वरूप उप पुलिस अधीक्षक अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम, उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच, शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा, प्रधान आरक्षक नंदू हेमला, प्रधान आरक्षक प्यारस मिंज, प्रधान आरक्षक कमलेश मरकाम, आरक्षक मनोज पुनेम, आरक्षक दिनेश भास्कर को राष्ट्रपति वीरता पदक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## बाल गृह छिंदगढ़ में लगा स्वास्थ्य शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप के मार्गदर्शन में शुक्रवार को छिंदगढ़ के बाल गृह में स्वास्थ शिविर लगाया गया। बाल गृह में आयोजित शिविर में कुल 35 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया, जिसमें सभी बच्चों की सीबीसी की जांच की गई व टीबी के 8 संदिग्ध बच्चों का बलगम सैंपल लिया गया। इसके साथ ही उन्हे एक्स-रे करवाने हेतु हायर सेंटर रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. भीमा बारसे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिध्दार्थ नारंग, अधीक्षक दिलीप कुमार मिंज, बाल कल्याण अधिकारी चंदन सिंह यादव, डॉ. शशी प्रभा, जिला पीपीएम समन्वयक नवीन पाठक, पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश सोलंकी, लेप्रा सोसायटी से अमित कुंडू व आरबीएसके की टीम उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा विकासखण्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में 25 जनवरी को शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं-कार्यालयीन कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई।

यह शपथ व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी द्वारा शपथ दिलाई गई। व्याख्याता डॉ. अखिलेश त्रिपाठी द्वारा हर नागरिक को मताधिकार का प्रयोग करने के महत्व को बच्चों को बताया गया। व्याख्याता बुधराम कश्यप द्वारा छात्र-छात्राओं के परिवार में जो लोग मतदान करने नहीं जाते हैं। उन्हें जागरूक कर मतदान करने भेजने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जिन छात्र छात्राओं का उम्र 18 वर्ष से अधिक है वे मतदान करने जाएंगे और जिनका 18 वर्ष से कम है। वे अपने घर के सभी लोगों को निर्वाचन में मतदान करने एवं आसपास के लोगों में जागरूकता लाने प्रेरित किया गया। साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने सहित स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान व्याख्याता डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, बुधराम कश्यप, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, पीटीआई नोहर सिंह सलाम, देवचन्द सेठिया, हेमंत मांझी, नीलिमा सिंधिरिया जगन्नाथ समरथ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित मौजूद रहे।

## नगरीय, पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में मास्टर ट्रेनर्स नगरीय पंचायत स्तर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा की अध्यक्षता में आज नगरीय, पंचायत स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को इस निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य मास्टर ट्रेनर्स माधव राव रेड्डी एवं आलोक सोनवाने ने अन्य मास्टर ट्रेनर्स को बताया कि सभी निर्वाचनों में स्थानीय निकायों के निर्वाचन बेहद संवेदनशील होते है, पंचायत निर्वाचन एक अलग ही स्तर पर होते है। यहां एक साथ चार पदों के लिए निर्वाचन होता है और मतदान का प्रतिशत भी बहुत अधिक होता है, जबकि मतदान का समय बहुत कम होता है। पंचायत निर्वाचन में न केवल मतदान होता है, बल्कि मतदान केन्द्र पर ही मतगणना होती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आपको न केवल अपने कार्य को गंभीरता से लेना चाहिए बल्कि मतदान और मतगणना के भी सभी तकनीकी पहलुओं और बारीकियों को आत्मसात कर लेना चाहिए।

ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग- अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा-सदस्य जिला पंचायत के लिए गुलाबी, सदस्य जनपद पंचायत के लिए पीला, सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए नीला, पंच ग्राम पंचायत के लिए सफेद। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है।

ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्रं.-01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। यह ध्यान रखना होगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी।

## सड़क में लापरवाही जानलेवा : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड




मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर में विगत दिनों यातायात पुलिस विभाग द्वारा 36 वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष जैन द्वारा छात्र व छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

जिसमें संतोष जैन ने छात्रों को रोड सेफ्टी, लाइसेंस प्रक्रिया, नवीन मोटर व्हीकल एक्ट किस तरह से अच्छी नियत वालो का मित्र है, एक्सीडेंट होने की स्थिति में क्या करे, लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, व्हीकल बीमा की अनिवार्यता क्यों है , किसी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति के लिए प्राथमिक उपचार का गोल्डन टाइम आधे से एक घंटे के बीच का है जिससे सम्बंधित के प्राणों को बचाया जा सकता है। इसमें सभी को सहयोग करने को कहा तथा नए कानूनों के तहत दुर्घटना ग्रस्त की मदद करने वाले को पुरुष्कार का भी प्रावधान है। ये बाते भी बताई और कुछ घटनाओं का वृतांत भी बताया जिसमें हाल ही में हुए जगदलपुर में कोर्ट तिराहा, शहीद पार्क में हुए लापरवाही की वजह से जान जाने की घटना को वीडियो फुटेज के माध्यम से दिखा कर छात्रों को यातायात नियमों को पालन करने को कहा। उन्होंने आगे बताया की बस्तर जिले में विगत 3 वर्षों में रोड दुर्घटना से 709 लोग मारे गए ये एक गांव की आबादी है और मारे गए लोग अधिकांशतः युवा थे। इससे हमारे जिले अपितु देश को भारी छति हुई है। उन्होंने आगे ड्रिंक एंड ड्राइव अपराध, कार सीट बेल्ट नहीं लगाने से होने वाली हानि और हेलमेट क्यों जरूरी है। लर्निंग और परमानेंट लाइसेंस की प्रक्रिया इन सभी बातों के उपर प्रकाश डाला और भी अन्य यातायात से जुड़ी रोचक जानकारी दिए। सभी छात्रों ने उक्त व्याख्यान को ध्यान पूर्वक सुना और कही गई बातों को आत्मसात करने के लिए जैन को आश्वस्त भी किया । कार्यक्रम में बीए, बीएससी एवं बी.कॉम के समस्त नियमित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य भावेश कुमार नेताम व स्टॉफ रघुनन्दन भुआर्य, डॉ .ज्ञान सिंह, दिल कुमार, नरसिंह कश्यप, शेषनारायण उइके, एलडी साहू, राजकुमार वर्मा, केके यादव, अभिषेक बिसाई, सुश्री वर्षा विश्वकर्मा, रिंकी कोसरे, सुश्री प्रीती गुप्ता, तृप्ति साहू, सारिका देवांगन व छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष...

### जेठेगांव का गोल...

किया जाएगा। इसमें आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष व व्यापारी शामिल होंगे एवं वहीं रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच की प्रस्तुति की जाएगी।

### दो बालिकाओं का...

में जेल भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप एवं महिला प्रधान आरक्षक, हितेश्वरी चेलक व आरक्षक मुनेश सोरी का अहम भूमिका रहा है।

### पंचायत चुनावः नाम...

और प्रशिक्षण का दौरा मास्टर ट्रेनर्स तैयार हो चुके हैं, बहुत जल्दी मतदान दलों की प्रशिक्षण तहसील स्तर पर होगी। प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में प्रथम चरण का प्रशिक्षण 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 7 फरवरी को 10 बजे से 4 बजे एवं तृतीय चरण का प्रशिक्षण 14 फरवरी 2025 को प्रातः 10 से 4 बजे संपन्न होगी ।

### सड़क सुरक्षा माह...

से जुड़े संदेश, वीडियो और ग्राफिक्स का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बदलाव की शुरुआत, कांकेर वॉलंटियर्स के साथ के इस नारे के साथ वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक ने न केवल वॉलंटियर्स को जागरूक किया बल्कि आम जनता के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बनी। इस अभियान में हर्ष डोंगरे, रानु गुप्ता, भार्गव बघेल, किशोर बंजारे, अभिषेक रवानी, यशवर्धन सिंह ठाकुर, आशुतोष सिंग, प्रेम श्रीवास, जितेश नाग, हेमलता, ख्याति ठाकुर, दीक्षा यादव, इशिका नाग, ज्योति जुर्री, उर्वशी यादव, चित्रलेखा कोडोपी, सिध्धी वर्मा, श्रेया वर्मा, तारणी साहु व श्रिष्णी नागवंशी वॉलंटियर्स शामिल रहे।

### कर्पूरी ठाकुर की...

बनाया गया। भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता है। 23 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। आयोजन में संगठन के लिए अन्य पदाधिकारी उपाध्यक्ष लीलाधर कौशिक व उमाशंकर सेन, सचिव हरीशंकर सेन, कोषाध्यक्ष गोपाल सेन, कांकेर ब्लाक अध्यक्ष अनिल सेन, नरहरपुर ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सेन, चारामा ब्लाक अध्यक्ष विनोद सेन, भानुप्रतापपुर ब्लाक अध्यक्ष भुवनेश्वर सेन, दुर्गुकोंदल ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मण सेन, कोयलीबेडा ब्लाक अध्यक्ष प्रेमचंद सेन, संरक्षक अरुण कौशिक, कैलाश सेन, विशेष आमंत्रित सदस्य पवन सेन, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश सेन, प्रदीप सेन, शैलेन्द्र कौशिक, अशोक कौशिक, शीव कुमार सेन, भगत शांडिल्य चयनित हुए।

### सारे काम छोड़कर...

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एस. साव, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल एवं टी.आर. देवांगन उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### क्विज प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

**नरहरपुर।** समग्र शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत बच्चों में विज्ञान व गणितीय कौशल के विकास के लिए अमोडा जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मनोहर सलाम संकुल समन्वयक व जीआर साहू के द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन कर किया गया। पूर्व माध्यमिक स्तर में प्रथम गोपेश्वरी माशा लिलवापहार, द्वितीय खुशी मंडावी माशा ढेकुना, तृतीय निधि मंडावी कन्हनपुरी रहें। इसी क्रम में उमावि स्तर में प्रथम हेमेश्वरी किशनपुरी, द्वितीय धारणी गंगबेर चवाड़ और तृतीय स्थान पर कुमकुम मंडावी चवाड़ रहीं। कुकिंग प्रतियोगिता में सतरूपा नेताम लिलवापहार प्रथम, दुर्गाराम कोडोपी अमोडा द्वितीय, शत्रुघन मरकाम बालक आश्रम सोनपुर तृतीय स्थान पर रहें। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### महुआ शराब जब्त दो कोचिया पकड़ाए



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर और नरहरपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए के कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी कुदाल निवासी 35 वर्षीय बसंत यादव के कब्जे से 90 एमएल महुआ शराब कीमती 50 रूपएं और दो प्लास्टिक डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। नरहरपुर पुलिस ने 24 जनवरी कि रात साढ़े 8 बजें कुरालढेमली में छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिया 30 वर्षीय हेमलाल मंडावी के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब कीमती 900 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### लोहत्तर माता पहुंचानी 30 को, देव मेला 2 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहत्तर के आश्रित ग्राम सोनादई लोहत्तर का माता पहुंचानी 30 जनवरी गुरुवार को एवं दो दिवसीय देव मेला का आयोजन 02 एवं 03 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। ग्राम गायता पुरुषोत्तम देहारी, ग्राम पटेल प्यारेलाल दीवान, मेहतर दीवान, देवलु देहारी व सगनु दीवान ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के सर्वसम्मति से बैठक कर देव मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के डांग डोरी, देवी देवता के साथ आसपास के ग्रामीण महिला, पुरुष एवं व्यापारी शामिल होंगें।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

## नाम निर्देशन के लिए 8 सेक्टर बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नाम निर्देशन प्राप्त करने वाले प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक तहसील सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। भानुप्रतापपुर में 52 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 703 वार्ड पंचों के नाम निर्देशन के लिए कुल 8 सेक्टर बनाए गए है।

भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भवन संबलपुर में संबलपुर, चवेला, करमोती, कराठी, बोगर, विनायकपुर, बांसला, ग्राम पंचायत भवन कन्हारगांव में कन्हारगांव, नारायणपुर, मुल्ला, चैगेल, ग्राम पंचायत भवन केंवटी में केंवटी, परवी, पेंवारी, घोठा, आसुलखार, फरसकोट, ग्राम पंचायत भवन भीरागांव में भीरागांव, घोटिया, सोनेकन्हार, जातावाड़ा, ग्राम पंचायत भवन कोरर में कोरर, बैंजनपुरी, भैसाकन्हार'डू:, डुमरकोट, सेलेगांव हरनपुरी, कनेचूर, कुर्री, चिल्हाटी, डोंगरगांव, ग्राम पंचायत भवन हाटकर्रा में हाटकर्रा, धनेली, तरांदूल, बांसकुण्ड, तुएगुहान, बारवी, हेटारकसा, ग्राम पंचायत भवन भानबेड़ा में भानबेड़ा, मुंगवाल, भेजा, भोड़यिा, कुड़ाल, डोंगरकट्टा, चिचगांव, कुल्हाड़कट्टा, ग्राम पंचायत भवन कच्चे में कच्चे, साल्हे, ईरागांव, टेढ़ाईकोंदल, भैसाकन्हार'क', दाबकट्टा शामिल है।



### 6 को प्रतीक चिन्हों का आवंटन

27 जनवरी से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे एवं नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 फरवरी को व नामांकन वापस लेने की तिथि 6 फरवरी एवं इसी दिन ही अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा। मतदान 20 फरवरी को प्रातः 6.45 से अपरान्ह 2 बजे तक होगा व मतगणना मतदान उपरांत तत्काल बाद मतदान केंद्रों में होगी। ऐसे मतदान केन्द्र जहां गणना न हो उन पंचायतों का खण्ड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में 21 फरवरी को प्रातः 9 बजे से होगा। सारणीकरण 22 फरवरी को होगा व इसी दिन निर्वाचन प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएगा। मतदाता दिवस के अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्णा पाटले, मास्टर ट्रेनर टिकेष ठाकुर, सीईओ अशोक ठाकुर, बीईओ सदे सिंह कोमरे, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, नुमेश सोनी, मनोज चैहान, प्रदीप सेन व सभी प्राधिकृत अधिकारी एवं सहायक उपस्थित रहे।

**समारोह :** समापन दिवस पर पांच मंडली व एक पंडवानी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मानस महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के गौरवशाली एक वर्ष पूरे होने पर धर्म नगरी नरहरपुर में तीन दिवसीय भव्य मानस महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिन नगर की माताओं बहनों ने उंमग के साथ राम दरबार के माध्यम से झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली जो की नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल दुर्गा चौक पहुँची जहां संध्या को मानस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। शुभारंभ सत्र में एक मंडली ने प्रस्तुति दी एवं वहीं दूसरे दिवस पर सात मानस मंडली ने प्रस्तुति दी और समापन दिवस पर पाँच मंडली व एक पंडवानी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।



समापन दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने अपने संबोधन में भक्ति, जीवन अनुशासन और सकारात्मकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी चिकित्सक द्वारा सुझाई गई औषधि तभी कारगर होगी जब रोगी चिकित्सक के निर्देशों का पालन करेगा। इसी प्रकार, अध्यात्म और भक्ति में भी अनुशासन और आत्मसात करने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि आज लोग सत्संग में भाग लेते हैं, लेकिन उसका प्रभाव उसके कर्मों और जीवन में दिखाई नहीं देता। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैसे विद्यालय का अपना अनुशासन होता है, वैसे ही कथा और भक्ति में भी अनुशासन होना चाहिए। केवल भगवान का नाम जपना ही पर्याप्त नहीं है; भजन का वास्तविक अर्थ है नकारात्मकता को दूर करना और सकारात्मकता को अपनाना। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने वर्तमान समाज पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच के कारण रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं और उत्साह फीका पड़ गया है। प्रेम के नाम पर केवल आधुनिकता का प्रदर्शन हो रहा है, जो समाज को पतन की ओर ले जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे विवेक का मार्ग अपनाएं और बल और बुद्धि का सही उपयोग तभी संभव है जब विवेक से उसका निर्देशन हो। नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारी सलाम तुलसी मानस प्रतिष्ठान के हृदय राम शोरी के आर गजबलला ने भी अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्ति का अर्थ केवल नाम जपना नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने समाज से अपील की कि वह अध्यात्म के मार्ग पर चलकर अपनी चेतना को उन्नत करें और जीवन को सार्थक बनाएं।

मानस महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश संचेती ने इस आयोजन में सहयोग करने के लिए पुरे नगर वासियों उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया वहीं उद्बोधन पश्चात आयोजक समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों को श्रीफल, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजन में तीन दिनों तक भंडारे में सेवा करने वालो, नगर में साज सज्जा करने वाले सभी को श्रीफल गमछा व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में तहसीलदार पोरस वेंताल थाना प्रभारी सुरेश राठौर, जनपद सीईओ रवि कुमार साव, एसडीओ लोक निर्माण विभाग डीके बिसेन व नगर के वरिष्ठ जन छेदू राम शोरी, पंचू साहू, लक्ष्मी साहू, मोहन कुंजाम, आशाराम जूरी, मदन शर्मा, नितेश मगेंद्र, ओमेश स्वर्णवंशी, चैतराम कल्लो, हेमंत साहू, द्वारिका सोनी, राम भरोस, कुलदीप, सीता राम पटेल, सच्चु साहू, डायमंड नेताम, गंधेशवर सिन्हा, त्रिवेणी साहू सहित मानस महोत्सव समिति व शीतला समिति के पदाधिकारी व सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## बालिका दिवस पर कन्या शाला को दान पर मिले 20 पंखे व वाटर कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आईडीबीआई बैंक ने शहर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वाटर कूलर तथा पंखा छात्राओं के लिए प्रदान किया। बैंक द्वारा सामग्री प्रदान करने से स्कूल स्टाफ तथा छात्राओं में प्रसन्नता है। नया बसस्टैंड पास होने के कारण स्कूल में काफी आयोजन होते रहते हैं। वाटर कूलर मिलने से आयोजन के दौरान भी लोगों को पानी की सुविधा होगी।

अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आईडीबीआई बैंक प्रबंधन ने शहर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में 24 बालिकाओं के सशक्तिकरण, अध्ययन, विकास के लिए सीड कार्यक्रम के तहत उपयोगी सामग्री का वितरण किया। छात्राओं की कक्षा के लिए 20 पंखा वितरण किया गया। ठंडा व स्वच्छ पानी के लिए वाटर प्यूरी फायर प्रदान किया गया। इस अवसर पर आईडीबीआई शाखा प्रबंधक विजय सिंह ने कहा बालिकाओं के हित में वाटर कूलर व पंखा प्रदान किया जा रहा है ताकी उन्हें पढ़ाई के दौरान साफ पानी मिल सके तथा पंखा से ठंडकता मिल सके। स्कूल प्राचार्य अंजना श्रीवास्तव ने बैंक प्रबंधन का अभार व्यक्त करते कहा इस स्कूल में विविध आयोजन होते हैं। इस कारण बैंक दृारा प्रदान की गई सामग्रियां काफी उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक स्टाफ उमेश पुरामे, संदीप साहू, प्रवीण पोर्ते सहित स्कूल के शिक्षक, स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

**जगदलपुर।** शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत मधोता 2 के शासकीय प्राथमिक शाला खैरगुड़ा के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्राम वासियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## मतदाता दिवस पर एईआरओ और बीएलओ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग हर वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन करता है। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला कांकेर से भानुप्रतापपुर विधानसभा के लिए तहसीलदार एईआरओ सुरेंद्र उर्वसा एवं चवेला के सहायक शिक्षक बीएलओ विकास सिंह ठाकुर को राजधानी रायपुर राज्य निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले एवं राज्य चुनाव आयुक्त अजय सिंह के हाथों प्रसस्ति पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## रंगोली बना मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्व लच्छन सिंह ठाकुर शाउमावि लारगांव मरकाटोला द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता में सम्मिलित हो कर मतदान दिवस पर मतदाताओं में जन-जागरूकता लाने व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में समाज सेवा और राष्ट्रीय विकास को लेकर काम करने में इच्छा प्रकट किया।

कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम ने बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर व्यक्तित्व विकास की अवधारणाओं समझाते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रतिक नेताम, गितेश कुरेटी, अभिषेक मण्ड़ावी, लीशा ठाकुर, पालिका नेताम, फुलेश्वरी सोनकर, वंदना नेताम, रानी कुमेटी, विजय मण्ड़ावी, ओम जयसवाल, गौरव, समीक्षा तांडी और हुलेश्वरी मरकाम ने आकर्षक प्रेरक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता में प्रथम गितेश कुरेटी, द्वितीय प्रतिक नेताम व तृतीय पालिका नेताम का स्थान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यतीश चन्द्र शुक्ल, पुनू राम प्रधान, बृजलाल साहु, देवी कृशान एवं स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

## चिखली में 14 गांव के लोगों ने समूह में मनाया दुर्गूकोंदल कोलांग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सर्कल चिखली के 14 आश्रित ग्रामों के नर्तक दलों के द्वारा दो दिवसीय कोलांग महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। समाज द्वारा पौष माह में मनाया जाने वाला कोलांग महोत्सव कार्यक्रम विकासखंड दुर्गूकोदल की चिखली ग्राम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें 14 ग्राम के लोग हिस्सा लिए। नृत्य के दौरान दौरान नृत्य गोंडी भाषा में गीत का गायन किया गया। कोलांग महोत्सव में सर्कल अध्यक्ष सानूराम दुग्गा ने बताया कि आदिवासियों की पहचान उसकी संस्कृति सभ्यता और समाज के द्वारा विभिन्न अवसरों पर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। समाज के द्वारा हुल्की महोत्सव हरियाली को और कोलांग उत्सव शुभ कार्यक्रम खुशी के लिए किया जाता है। नगसाय तुलावी ने बताया कि कोलांग हमारी प्राचीन संस्कृति है, जो विलुप्त होने के कगार पर है, हमें इसे बचाना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी संस्कृति से जुड़ी रहेगी। कोलांग महोत्सव कार्यक्रम में सर्कल अध्यक्ष सानू राम दुग्गा, सर्कल सचिव बिनेश कुमेटी, सर्व आदिवासी जिला उपाध्यक्ष धनीराम ध्रुव, गोंडवाना समाज ब्लॉक उपाध्यक्ष रामचंद कल्लो, सर्कल चिखली के संरक्षक संदेर उसारे,समाज प्रमुख अजित दुग्गा, कुबेर दर्रो,परगना मांझी धनसाय दुग्गा, सर्व आदिवासी युवा प्रभाग सर्कल अध्यक्ष रसालु गावड़े, शंकर तुलावी, रैसु दर्रो, मानिक कड़ियाम, जैन पुड़ो, विश्राम कुंजाम, जलु उइके, मानिक दर्रो, हल्कू दर्रो, जयता नागवंशी एवं 14 गांव के लोग शामिल हुए।

## मानस महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**सरोना ।** ग्राम पंचायत चोरिया बड़े पारा के पावनधरा पर श्रीरामचरित्र मानस महोत्सव का रात्रिकालीन 7 बजे से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। ग्रामवासियों के द्वारा मां शीतला के प्रांगण से कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। कलश यात्रा में महिला तथा ग्राम के प्रमुख बुजुर्ग सियान, युवाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। उक्ताशय जानकारी युवा मंडल के सदस्य लोकेश कोर्राम, सुरेन्द्र कुंजाम, राजेश कोर्राम,सताराम कोर्राम ने दी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ और सुपरवाइजरों ने ली शपथ**

# मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ, मतदाताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर के तहसील सभा कक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों, बीएलओ, सुपरवायजरों व मास्टर ट्रेनरों की उपस्थित में अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को मतदान में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा से उपर उठकर किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की शपथ सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व अन्य मतदाताओं को दिलाया। मतदाता दिवस के अवसर पर भानुप्रतापपुर के ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले ने संबांधित करते हुए कहा कि मतदान कर सभी का अधिकार है अतः सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवष्य करें और साथ ही उन्होंने सभी से अपील की आने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में शतप्रतिषत मतदान करें। इस अवसर पर नए एवं युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड देकर एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया। भानुप्रतापपुर तहसील के सभी युवा मतदाताओ को तहसील सभा कक्ष में आमंत्रित किया गया था।

मतदाता दिवस के अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्णा पाटले, मास्टर ट्रेनर टिकेष ठाकुर, सीईओ अशोक ठाकुर, बीईओ सदे सिंह कोमरे, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर ,नुमेश सोनी, मनोज चैहान, प्रदीप सेन, एकांत चैहान, आनंद बनकर, सर्वेश कुमार एवं सभी बीएलओ और सुपरवायजर के साथ युवा मतदाता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport